हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 20 नवंबर 2025, समय 1305 (05 मिनट)

सर्वोच्च न्यायालय आज संविधान के अनुच्छेद-143 के तहत राष्ट्रपति द्वारा भेजे गए संदर्भ पर अपनी राय देगा। शीर्ष से इस बारे में राय मांगी गई थी कि क्या राज्य विधानसभाओं से पारित विधेयकों पर कार्रवाई के लिए राज्यपालों पर समय सीमा निर्धारित की जा सकती हैं।

मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई की अध्यक्षता वाली संविधानिक पीठ ने 11 सितंबर को केंद्र की ओर से अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के साथ-साथ तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, पंजाब और हिमाचल प्रदेश सहित विपक्ष शासित राज्यों की ओर से 10 दिन तक मौखिक दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रखा था। इन राज्यों ने राष्ट्रपति के संदर्भ का विरोध किया था।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की 30 तारीख को आकाशवाणी पर "मन की बात" कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 128 वीं कड़ी होगी।लोग इस कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल-फ्री नंबर 1800-11-7800 पर भेज सकते हैं। वे नरेन्द्र मोदी ऐप या माय गॉव ओपन फ़ोरम के माध्यम से ऑनलाइन भी अपने सुझाव साझा कर सकते हैं। 1922 पर मिस्ड कॉल देकर और एसएमएस के माध्यम से प्रधानमंत्री को अपने सुझाव भेज सकते हैं। सुझाव इस महीने की 28 तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे।

****

हरियाणा के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने लोक निर्माण विभाग के लिए खरीदे गए 26 अत्याधुनिक रोड रोलर को झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि हरियाणा के सड़क ढांचे को नई गति देने के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा कुल 52 रोड रोलर खरीदे जा रहे हैं, जिनमें से आज भेजे गए 26 रोलर तुरंत विभिन्न जिलों में तैनात होंगे, जबकि अगले 26 जल्द ही प्राप्त हो जाएंगे। इसके बाद हर जिले में दो से तीन रोड रोलर उपलब्ध रहेंगे, जिससे विभाग, पैचवर्क, आपात मरम्मत और छोटे मरम्मत कार्य स्वयं और तेज़ी से कर सकेगा। उन्होंने कहा कि मशीनरी की कमी के कारण वर्षों तक छोटे-छोटे कार्य भी ठेके के माध्यम से किए जा रहे थे, लेकिन अब विभाग आत्मनिर्भर होकर गुणवत्तापूर्ण सड़क रखरखाव को नई गति देगा।

कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि विभाग ने पिछले एक वर्ष में मशीनरी को अपग्रेड करने के लिए बड़े पैमाने पर आधुनिक उपकरण खरीदे हैं, जिससे सड़क निर्माण और रखरखाव की क्षमता कई गुना बढ़ी है। उन्होंने बताया कि मिनी ट्रक, मिनी टैंडम रोड रोलर सहित कुल 51 उपकरण विभाग में जोड़े गए हैं, जबकि आने वाले दो महीनों में 21 बड़े ट्रक, 26 मिनी टैंडम रोलर, बैकहो लोडर और ट्रैक्टर सहित 67 और मशीनें विभाग को मिलेंगी।

कैबिनेट मंत्री ने जनभागीदारी को मजबूत करने के लिए शुरू की गई 'म्हारी सड़क' ऐप का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐप के माध्यम से नागरिक सीधे जियो-टैग के साथ शिकायत दर्ज कर रहे हैं, जिससे शिकायतों का समाधान तेज़, पारदर्शी और समयबद्ध हुआ है।

****

“हिन्द की चादर” श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में कल पानीपत में पुलिस डीएवी स्कूलमें सैंड आर्ट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा व उपायुक्त अजय सिंह तोमर के साथ-साथ पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में रेत से गुरु साहिब जी के जीवन आदर्शों और अमर विरासत पर आधारित शो प्रस्तुत किया गया।

****

चंडीगढ़ का खेल विभाग 8 दिसंबर से 12 दिसंबर तक 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के लड़कों एवं लड़कियों के लिए बास्केटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट सेक्टर 42 के खेल परिसर में आयोजित किया जाएगा।

खिलाड़ी 5 दिसंबर तक प्रविष्टियाँ जमा कर सकेंगे।प्रविष्टियों हेतु निर्धारित प्रोफार्मा विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा तथा खेल परिसर स्थित बास्केटबॉल हॉल में भी प्राप्त किया जा सकेगा। टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए कोई प्रवेश शुल्क नहीं है ।

****

भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण -एसआईआर के दूसरे चरण के अद्यतन आंकड़े जारी किए हैं, जिसमें 4 नवंबर को शुरू हुआ गणना चरण शामिल है, जो 4 दिसंबर तक चलेगा।

आयोग के प्रवक्ता ने बताया है कि 12 नवंबर तक, सम्मिलित क्षेत्रों में कुल 50 करोड़ 97 लाख 44 हजार 423 मतदाता सारांश पुनरीक्षण में शामिल हैं। इस कार्य में 5 लाख 33 हजार 93 बूथ स्तरीय अधिकारी और 10 लाख 41 हजार 291 बूथ स्तरीय एजेंट शामिल हैं। आवंटित कुल मतदाता सारांश पुनरीक्षण में से, 50 करोड़ 25 लाख 13 हजार 94 फॉर्म पहले ही वितरित किए जा चुके हैं।

****